नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण

एक नजर में

राहुल गांधी का इंदौर दौरा कल

भोपाल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले ने जानकारी दी है कि प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी 17 को इंदौर प्रवास पर रहेंगे. इस दौरान वे इंदौर के भागीरथपुरा पहुंचकर दूषित पेयजल से प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे और उनकी समस्याएं प्रत्यक्ष रूप से सुनेंगे. इसके बाद राहुल इंदौर के कांग्रेस पार्षदों के साथ विस्तृत चर्चा भी करेंगे. डॉ. कामले ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर शनिवार को मध्य प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम

तीन एग्जिट पोल में भाजपा गठबंधन को बहुमत

मुंबई. महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में गुरुवार को वोटिंग खत्म हो गई है. मतदान के बाद आए बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के 3 एग्जिट पोल में भाजपा गठबंधन को बहुमत मिलने का अनुमान है.भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 130 से 150 सीटें मिल सकती हैं.जबकि बहुमत के लिए 114 सीटें जीतने की जरूरत होती है.वहीं कांग्रेस गठबंधन को 60 सीटें मिलने का अनुमान है. अन्य के खाते में 5 से 7 सीटें आ सकती हैं.

भारतीय लोकतंत्र एक विशाल वृक्ष

राष्ट्रमंडल देशों का सम्मेलन : पीएम मोदी ने कहा–विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत

नई दिल्ली, 15 जनवरी (वार्ता) राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के 28 वें सम्मेलन का उद्घाटन सत्र गुरुवार को शुरू हुआ. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विविधता को भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताया.

उन्होंने कहा है कि भारत ने यह साबित किया है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं लोकतंत्र को स्थिरता, गति और व्यापक स्तर प्रदान करती हैं. इसी का परिणाम है कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं.

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है. उन्होंने

कहा कि भारत इस विविधता का उत्सव मनाता है, क्योंकि लोकतंत्र की नींव मजबूत है. भारतीय लोकतंत्र एक विशाल वृक्ष की तरह है, जिसे गहरी जड़ें सहारा देती हैं. पीएम मोदी ने कहा कि भारत की विविधता ने लोकतंत्र को और मजबूत बना दिया.

भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है

पीएम मोदी ने कहा कि यहां वाद–विवाद, संवाद और सामूहिक निर्णय–निर्माण की एक लंबी परंपरा रही है. भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है. हमारे पवित्र ग्रंथ वेद पांच हजार वर्ष से भी अधिक पुराने हैं. उनमें ऐसी सभाओं का उल्लेख है, जहां लोग मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एकत्र होते थे. विचार–विमर्श और सहमति के बाद निर्णय लिए जाते थे. उन्होंने कहा, हम भगवान बुद्ध की भूमि हैं. बौद्ध संघ में खुले और सुव्यवस्थित विचार–विमर्श होते थे. निर्णय सहमति या मतदान के माध्यम से लिए जाते थे.

सीएसपीओसी में सीखने–सिखाने का सत्र महत्वपूर्ण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा सम्मेलन में इस बार की विशेषता यह है कि यहां हम सब एक दूसरे के साथ अपने अनुभवों को साझा कर अपनी लोकतांत्रिक प्रक्रिया की चुनौतियों को महत्व देते हुए सीखने तथा सिखाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर विशेष रूप से विचार करेंगे. पीएम ने कहा कि एआई की तकनीकी बड़ी चुनौती है.भारत में इसका इस्तेमाल हो रहा है. सांसद और विधानसभा में इसका इस्तेमाल किया जा रहा है और उसकी जो चुनौतियां हैं उस पर भी इस सम्मेलन में विचार किया जाना चाहिए.

प्रधानमंत्री से मुलाकात

नई दिल्ली, 15 जनवरी. पीएम नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में प्रधानमंत्री निवास पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुलाकात की.

ममता सरकार को नोटिस

ईडी पर दर्ज एफआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली, 15 जनवरी. आई–पैक छापेमारी मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है. सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि अगली सुनवाई तक ईडी अधिकारियों पर दर्ज एफआईआर स्थगित रहेगी. कोर्ट ने 8 जनवरी को तलाशी लिए गए परिसर की सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है.

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पुलिस

महानिदेशक राजीव कुमार को ईडी की याचिका पर नोटिस जारी किया है. जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने ममता बनर्जी, डीजीपी से सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर भी जवाब देने को कहा. अदालत ने कहा कि ईडी द्वारा दायर याचिकाओं में गंभीर सवाल उठाए गए हैं.

आज लाड़ली बहनों के खाते में आएगी राशि

सीएम माखन नगर में राज्य स्तरीय सम्मेलन में करेंगे राशि का अंतरण

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 15 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार, 16 जनवरी को माखन नगर बाबई जिला नर्मदापुरम में आयोजित लाड़ली बहनों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की बहनों के खातों में राशि का अंतरण करेंगे.

प्रदेश की लगभग एक करोड़ 25 लाख 31 हजार से अधिक पात्र बहनों के खातों में 1836 करोड़

रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जायेगी. साथ ही 29 लाख बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 90 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का भूमि–पूजन और लोकार्पण किया जायेगा.

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरुआत जून 2023 से की गई थी. योजना के तहत माह नवंबर 2025 से राशि में 250 रुपये की वृद्धि की गई है. अब पात्र हितग्राही महिलाओं को 1,500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है.

कंटेनर से टकराया एअर इंडिया का विमान

नई दिल्ली. इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को एअर इंडिया की न्यूयॉर्क जाने वाली फ्लाइट दिल्ली से रवाना हुई वापस लौटते समय जब विमान घने कोहरे में रनवे पर उतर रहा था, उसी दौरान एक ग्राउंड कंटेनर उसके दाहिने इंजन के पास आ गया और टकरा गया.